# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (22.02.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 22.02.2025, PAGE-06**

### पार्ट वन की विशेष परीक्षा का रिजल्ट जारी

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में शुक्रवार देर शाम स्नातक पार्ट वन की विशेष परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया। परीक्षा में 17 हजार छात्र पास हुए हैं। वहीं, 2000 छात्र फेल कर गए हैं। 700 छात्रों का रिजल्ट पेंडिंग है। जिन छात्रों का रिजल्ट पेंडिंग है उनके रोल नंबर में कॉलेज ने गड़बड़ी कर दी है। अब इन छात्रों को मेमो नंबर लेकर विवि आना होगा इसके बाद रिजल्ट सुधरेगा।

### बीआरएबीयू में हुई परचेज कमेटी की बैठक

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि में शुक्रवार को कुलपति की अध्यक्षता में सेल एंड परचेज कमेटी की बैठक हुई। इसमें पिछली बैठक के एजेंडे को पास किया गया। इसके अलावा विवि में खरीद हुए सामान के बिल भुगतान का प्रस्ताव भी पास किया गया। बैठक में बीते नवंबर में हुई परीक्षा संबंधी टेंडर के प्रस्ताव को भी पास किया गया। बैठक में वित्त विभाग के अधिकारी शामिल थे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 22.02.2025, PAGE-06

# विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट शोध को पुरस्कार देगा यूजीसी

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरए बिहार विवि सहित सभी विश्वविद्यालयों में उत्कृष्ट शोध पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) अवार्ड देगा। इसके लिए यूजीसी ने पीएचडी एक्सीलेंस साइटेशन कार्यक्रम शुरू किया है। इस संबंध में यूजीसी ने बिहार विवि समेत सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति को पत्र भेजा है।

यूजीसी ने पत्र में कहा है कि शोध के क्षेत्र में बेहतर काम करने वाले युवा शोधार्थियों को यह अवार्ड हर साल शिक्षक दिवस के अवसर पर पांच सितंबर को दिया जाएगा। यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों को ऐसे शोधार्थियों का नाम भेजने का निर्देश दिया है। यूजीसी ने इस कार्यक्रम के तहत शोधार्थियों के चयन का प्रारूप भी विश्वविद्यालयों को भेजा है। नई शिक्षा नीति में शोध पर अधिक जोर दिया गया है। शोध की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए इसकी शुरुआत की जा रही है।

## दस फीसदी बढ़ा शोध, विज्ञान में सबसे ज्यादा

यूजीसी ने आंकड़े जारी करते हुए बताया है कि पीएचडी करने वालों की संख्या में हर साल दस प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। आयोग ने वर्ष 2010-11 से 2017-18 तक हुए पीएचडी में दाखिले की रिपोर्ट भी जारी की है। इसके मुताबिक, इस अवधि में सबसे ज्यादा शोध विज्ञान में हुए हैं। देश के कुल शोध का 30 प्रतिशत विज्ञान में हुआ है। यह अवार्ड उसी विश्वविद्यालय के शोधार्थियों को दिया जाएगा जो नैक से मान्यता प्राप्त होगा। आवेदन आने के बाद यूजीसी की एक कमेटी इसकी समीक्षा कर विजेता का चयन करेगी।

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE : 22.02.2025, PAGE-06


## स्कॉलरशिप पोर्टल पर रजिस्टर्ड हुआ विवि

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि अब नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर रजिस्टर्ड हो गया है। बीआरएबीयू के पीजी के छात्रों के लिए यह निबंधन कराया गया है। इस रजिस्ट्रेशन के बाद पीजी के छात्र भी इस पोर्टल पर आवेदन छात्रवृत्ति पा सकेंगे। विवि के विकास अधिकारी डॉ. रमेश विश्वकर्मा ने बताया कि छह साल के बाद पीजी के छात्रों के स्कॉलरशिप आवेदन के लिए आईडी खुला है। यह आईडी तकनीकी कारणों से बंद हो गई थी। बताया कि इस बंद आईडी को खोलने के लिए उन्होंने काफी प्रयास किया और यूजीसी के सचिव और राज्य उच्च शिक्षा निदेशालय के सचिव से मुलाकात की।

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE:22.02.2025
PAGE-04

## पांच मार्च तक भर सकते थर्ड सेमेस्टर का फार्म

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में चार वर्षीय स्नातक कोर्स के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा के लिए पांच मार्च तक परीक्षा फार्म भरा जाएगा। तिथि में विस्तार के बाद इस संबंध में विश्वविद्यालय की ओर से सभी कालेजों को आदेश जारी किया गया है। (जासं)

## एजेंसी का होगा चयन

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में शुक्रवार को सेल एंड परचेज कमिटी की बैठक हुई। इसमें गोपनीय प्रिंटिंग और पोस्ट एग्जामिनेशन कार्य के लिए एजेंसी का चयन होना है। परीक्षा के बाद के होने वाले कार्यों जैसे कोडिंग समेत अन्य के लिए चयनित एजेंसी का करार समाप्त होने वाला है। बैठक में कुलपति प्रो. डीसी राय भी थे। (जासं)

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE : 22.02.2025, PAGE-04

## स्पेशल पार्ट वन परीक्षा का रिजल्ट किया गया जारी

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने पिछले दिनों हुई टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपना रिजल्ट देख सकेंगे। परीक्षा में 16 हजार से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं 1600 विद्यार्थी इस परीक्षा में भी असफल हुए हैं। (जासं)

## वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करता कोर्स वर्क

मुजफ्फरपुर : विश्वविद्यालय पीजी भूगोल विभाग में शुक्रवार को पीएचडी कोर्स वर्क की शुरुआत हुई। इसमें विभागाध्यक्ष डा. रूपा कुमारी ने शोधार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पीएचडी कोर्स वर्क शोधार्थियों को एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में भी मदद करता है। मौके पर डा. राजेश्वर राय ने भी विचार रखे। (जासं)

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 22.02.2025, PAGE-04

# छह वर्ष बाद राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर कर सकेंगे आवेदन

**2018 से विश्वविद्यालय की लागिन व नहीं था पासवर्ड, पता भी गलत**

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी के छात्र अब राष्ट्रीय स्तर पर संचालित होने वाले विभिन्न स्कालरशिप योजना का लाभ ले सकेंगे। करीब छह वर्षों के बाद बंद पड़े विश्वविद्यालय के लागइन व पासवर्ड को दोबारा चालू करा लिया गया है। अब इस सत्र से पीजी में नामांकन कराने वाले विद्यार्थी एनएसपी यानी राष्ट्रीय स्कालरशिप पोटेंल पर विभिन्न मेधावी छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे। विश्वविद्यालय की ओर से पिछले कई महीनों से लगातार उच्च शिक्षा विभाग से लेकर यूजीसी कार्यालय से पत्राचार किया जा रहा था। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के विकास अधिकारी डा.रमेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर आवेदन के लिए विश्वविद्यालय को लागइन व पासवर्ड उपलब्ध हो गया है। बताते हैं कि राष्ट्रीय स्कालरशिप पोटेंल अगस्त में खुलता है। इससे नए सत्र में पीजी में नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों को इसका सीधा लाभ होगा। पिछले कई वर्षों से राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोटेंल पर विश्वविद्यालय के पत्राचार का पता व पाठ्यक्रम का विवरण गलत अंकित था। इसमें सुधार के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 22.02.2025, PAGE-04

### पीजी जूलाजी में सेकेंड सेमेस्टर का प्रायोगिक परीक्षा 24 से

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी जूलाजी विभाग में सेकेंड सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा 24 से 28 फरवरी तक होगी। सत्र 2023-25 के लिए विभागाध्यक्ष की ओर से अधिसूचना जारी की गई है। पहले दिन विश्वविद्यालय जूलाजी विभाग व आरएलएसवाई कालेज बेतिया, 25 फरवरी को एमडीडीएम और एलएस कालेज, 27 फरवरी को आरडीएस कालेज और एमएस कालेज मोतिहारी और 28 फरवरी को आरएन कालेज हाजीपुर व एसआरकेजी कालेज सीतामढ़ी के विद्यार्थियों की प्रैक्टिकल परीक्षा होगी।

### फीस की एकरूपता पर निर्णय लेगी समिति

मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी कोर्स में चल रहे नामांकन में शुल्क संरचना में एकरूपता नहीं है। डेवलपमेंट समेत अन्य मद में विभाग अलग-अलग फीस लेता है। इसमें एकरूपता स्थापित करने के लिए नामांकन समिति की बैठक होगी। अगले सप्ताह इसकी बैठक होगी। इसमें शुल्क की एकरूपता के साथ ही चार वर्षीय बीए-बीएड व बीएससी-एड की पढ़ाई पूरी कर चुके छात्रों के नामांकन पर फैसला लिया जाएगा। वहीं दूसरे विषय से स्नातक की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए पीजी कोर्स में नामांकन के लिए विषय संयोजन समेत अन्य पर भी निर्णय लिया जाएगा।

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 22.02.2025, PAGE-04**

# वैकल्पिक विषय में अब बज्जिका भी पढ़ सकेंगे



- भोजपुरी, हिंदी सहित अन्य भाषाओं में एमए करनेवाले ले सकेंगे बज्जिका
- बीआरएबीयू के सिंडिकेट से प्रस्ताव पास, बनाया जा चुका है सिलेबस
- एकेडमिक कौंसिल से मंजूरी मिलने के बाद शुरू हो जायेगी पढ़ाई

**उपमुख्य संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू में अब भोजपुरी, हिंदी सहित अन्य भाषाओं में एमए करने वाले छात्र वैकल्पिक विषय के रूप में बज्जिका भी पढ़ सकेंगे. इसके लिए सिलेबस तैयार हो चुका है. विवि सिंडिकेट की बैठक में बज्जिका की पढ़ाई की स्वीकृति मिलने के बाद वर्ष 2018 में सिलेबस की कमेटी बनी थी, जिसमें तत्कालीन भाषा विद्वान और बज्जिका रामायन के रचयिता डॉ अवधेश्वर अरुण, तत्कालीन रजिस्ट्रार विवेकानंद शुक्ला व बज्जिका विकास मंच के अध्यक्ष चितरंजन सिन्हा कनक थे. सिलेबस तैयार होने के बाद अब एकेडमिक कौंसिल से स्वीकृति का इंतजार है. जल्द ही इसकी बैठक होने वाली है. इसके बाद विवि में बज्जिका की पढ़ाई शुरू हो जायेगी. छात्र अपनी रुचि के अनुसार बज्जिका के 75 अंकों वाले पेपर कोर्स में शामिल कर सकेंगे.

### बज्जिका विकास मंच की पहल से बना सिलेबस

बज्जिका विकास मंच ने छह वर्ष पहले विवि के एमए कोर्स में बज्जिका को शामिल करने की मांग की थी. मंच के डॉ शारदाचरण, मधुमंगल ठाकुर, उदय नारायण संह, प्रेम वर्मा, देवेंद्र प्रसाद वर्मा ने तत्कालीन कुलपति अमरेंद्र यादव से मिलकर प्रस्ताव सौंपा था. जिसे स्वीकृत कर लिया गया. इसके बाद तीन सदस्यीय कमेटी ने सिलेबस बनाया. सिलेबस में बज्जिका खंडकाव्य, महाकाव्य, उपन्यास, नाटक, कथा, व्याकरण, हास्य-व्यंग्य, विविधा व गद्य-पद्य संग्रह को शामिल किया गया है. मंच के पदाधिकारी उदय नारायण सिंह व डॉ शारदाचरण ने बताया कि हमलोग इसी महीने कुलपति से मिलकर एकेडमिक कौंसिल से सिलेबस को पास करायेंगे. अगले सत्र से बिहार विवि में बज्जिका की पढ़ाई शुरू हो सकती है.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:22.02.2025, PAGE-04**

# फीस को लेकर एडमिशन कमेटी की बैठक में लिया जायेगा अंतिम निर्णय

### डेवलपमेंट फीस के नाम पर विभाग और कॉलेजों में अलग-अलग राशि लेने की शिकायत

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू के पीजी सत्र 2024-26 का एडमिशन चल रहा है. इसमें फीस को लेकर लगातार आ रही शिकायतों को दूर करने के लिए विवि की ओर से एडमिशन कमेटी की बैठक बुलाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है.

अभी डेवलपमेंट फीस के नाम पर विभाग और कॉलेजों में अलग-अलग राशि ली जा रही है, जिसकी शिकायत पर विवि गंभीर है. पीजी विभाग व कॉलेजों में एक समान फी स्ट्रक्चर लागू करने के लिए अगले सप्ताह एडमिशन कमेटी की बैठक में अंतिम निर्णय लिया जायेगा. इसके साथ ही इंटीग्रेटेड बीएड के छात्रों के पीजी में एडमिशन का प्रस्ताव भी एडमिशन कमेटी की बैठक में रखा जायेगा.

**एडमिशन लेने से इंकार :** पीजी के रेगुलेशन में इंटीग्रेटेड बीएड का कोई जिक्र नहीं होने से कई विभागों ने एडमिशन लेने से इंकार कर दिया है. इसको लेकर अभ्यर्थी विवि का चक्कर लगा रहे हैं. विवि से बताया गया कि दोनों एजेंडों पर एकेडमिक काउंसिल की बैठक में निर्णय होगा.

**मनमाने तरीके से डेवलपमेंट फीस लेने की शिकायत :** पिछले दिनों ऑनलाइन मीटिंग करके वीसी ने फीस की एकरूपता सभी विभाग व कॉलेजों में लागू करने की बात कही थी. इसके बाद मामला सामने आया कि राजभवन से नोटिफाइड फीस के अलावा कई विभाग व कॉलेज मनमाने तरीके से डेवलपमेंट फीस जोड़ लेते हैं.

यह राशि भी एक समान नहीं है, जिसके कारण सभी विभागों व कॉलेजों का स्ट्रक्चर अलग-अलग है. विभागाध्यक्षों व प्राचार्यों का कहना है कि इंटरनल खर्च निकालने के लिए यह जरूरी है, क्योंकि विवि से कंटीजेंसी नहीं मिलता है.

### टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा का रिजल्ट जारी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू ने पिछले दिनों हुई टीडीसी पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है. छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपना रिजल्ट देख सकेंगे. परीक्षा में 16 हजार से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं. वहीं 1600 विद्यार्थी इस परीक्षा में भी असफल हुए हैं. 500 से अधिक विद्यार्थियों का रिजल्ट पेंडिंग है.

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR
MUZAFFARPUR
DATE :22.02.2025
PAGE-04

## प्रैक्टिकल परीक्षा 24 से 28 फरवरी तक

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के पीजी जूलॉजी विभाग में सेकंड सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा 24 से 28 फरवरी तक होगी. पहले दिन विश्वविद्यालय जूलॉजी विभाग व आरएलएसवाइ कॉलेज बेतिया, 25 फरवरी को एमडीडीएम व एलएस कॉलेज, 27 फरवरी को आरडीएस कॉलेज व एमएस कॉलेज मोतिहारी व 28 फरवरी को आरएन कॉलेज हाजीपुर व एसआरकेजी कॉलेज सीतामढ़ी के विद्यार्थियों की प्रैक्टिकल परीक्षा होगी. इसको लेकर विभागाध्यक्ष की ओर से अधिसूचना जारी की गयी है.

## स्कॉलरशिप योजना का लाभ ले सकेंगे

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू के पीजी के छात्र अब राष्ट्रीय स्तर पर संचालित होने वाले विभिन्न स्कॉलरशिप योजना का लाभ ले सकेंगे. करीब छह वर्षों के बाद बंद पड़े विवि के लॉगइन व पासवर्ड को दोबारा चालू करा लिया गया है.अब इस सत्र से पीजी में नामांकन कराने वाले विद्यार्थी एनएसपी यानी राष्ट्रीय स्कॉलरशिप पोर्टल पर विभिन्न मेधावी छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन कर सकेंगे.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 22.02.2025, PAGE-04

## अच्छा शोध वही होता है, जो समाज के लिए उपयोगी हो




मनोविज्ञान विभाग में पीएचडी कोर्स वर्क की शुरुआत पर विचार रखती शिक्षिका.

- स्नातकोत्तर भूगोल विभाग में पीएचडी कोर्स वर्क शुरू

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरएबीयू के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग में पीएचडी कोर्स वर्क के उद्घाटन सत्र में शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने विचार रखे. कोर्स वर्क कार्यशाला में रिसर्च प्रविधि, पर्यावरणीय भूगोल, जीआइएस व रिमोट सेंसिंग व अकादमिक लेखन जैसे अहम विषयों की जानकारी दी. विभागाध्यक्ष डॉ रूपा ने कहा कि पीएचडी कोर्स वर्क न केवल शोध की नींव रखता है बल्कि शोधार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण बनाने में मदद करता है. डॉ. केरकेट्टा ने कहा कि अच्छा शोध समाज के लिए उपयोगी होता है. डॉ राजेश्वर राय ने भी विचार रखे.

## शोधार्थियों को कक्षा में जाने के लिए दी प्रेरणा

**मुजफ्फरपुर.** पैट -2022 में सफल अभ्यर्थियों के लिए मनोविज्ञान विभाग में पीएचडी कोर्स वर्क की शुरुआत हुई. उद्घाटन इंडियन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष सह मुख्य अतिथि प्रो तारिणी, विभागाध्यक्ष डॉ रजनीश गुप्ता व अन्य विभागीय प्राध्यापकों के साथ दीप प्रज्वलित कर किया. विभागाध्यक्ष ने कोर्स वर्क में शोधार्थियों को लगन से कक्षा करने के लिए प्रेरित किया. सामाजिक विज्ञान संकाय अध्यक्ष प्रो संगीता रानी, डॉ आभा रानी, कोर्स कॉर्डिनेटर डॉ तूलिका सिंह, प्रो अलका जायसवाल, डॉ विकास, डॉ सुनीता व पीजी थर्ड सेमेस्टर की छात्रों की उपस्थिति रही.

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 22.02.2025, PAGE-04

**एआइएसएफ ने छात्र कल्याण अध्यक्ष से कहा, विवि व कॉलेज फी एक समान नहीं**

# फी में अंतर काफी, छात्र कैसे दे पायेंगे

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू में ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन (एआइएसएफ) का प्रतिनिधिमंडल छात्र कल्याण अध्यक्ष से मिला. ज्ञापन सौंपकर कहा कि फी में अंतर काफी है. इसे छात्र कैसे दे पायेंगे.यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों में समान फीस संरचना लागू करने की भी मांग की. एआइएसफ विश्वविद्यालय संयोजक अभिषेक कुशवाहा ने कहा कि पीजी विभागों व विभिन्न महाविद्यालयों में फीस संरचना में बड़ा अंतर है. इससे छात्रों को आर्थिक बोझ उठाना पड़ रहा है. संगठन के जिला सचिव कंचन विद्रोही ने आरोप लगाया कि आरडीएस कॉलेज व एलएस कॉलेज में छात्रों से अनुचित शुल्क वसूला जा रहा है. एआइएसफ के जिला अध्यक्ष महिपाल ओझा ने कहा कि स्नातक स्तर (यूजी) पर भी विभिन्न कॉलेजों की फीस में भारी असमानता है. छात्र कल्याण अध्यक्ष आलोक प्रताप सिंह ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया. कहा कि मुद्दे को विवि प्रशासन के समक्ष रखेंगे.



छात्र कल्याण अध्यक्ष को ज्ञापन देता ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन का प्रतिनिधिमंडल.

## जेबीएसडी कॉलेज में खेल मैदान लोकार्पित

**कटरा.** बकुची स्थित जेबीएसडी कॉलेज परिसर में मनरेगा योजना से निर्मित खेल मैदान का उद्घाटन पूर्व मंत्री सह औराई विधायक रामसूरत राय ने किया. कहा कि औराई विधासभा क्षेत्र में चारों ओर विकास हो रहा है. जदयू नेता प्रभात किरण, मंडल अध्यक्ष नंद किशोर यादव ,बीडीओ शशि प्रकाश, सीओ मधुमिता, पीओ संजीव, मुखिया वीणा, शंभू भगत, सुमन चौरसिया, शिवजी विश्वकर्मा, कुनाल सिंह, देवेंद्र पासवान, आशीष राम, शिशिर झा, धनेश्वर राय, शेर सिंह चौहान, अशोक उपस्थित थे.